an>

Title: Need to expedite construction of Pachnada Barrage Project in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः वर्ष 1996 में जब मैं पहली बार लोक सभा सदस्य निर्वाचित हुआ तब से मैं अपने संसदीय क्षेत्र जालौन गरौठा भोगनीपुर के माधौगढ़ क्षेत्र में पांच नदियों के संगम पचनदा पर बांध बनवाने की मांग करता आया हूँ। यह क्षेत्र बुंदेलखण्ड के अंतर्गत आता है, जो लगभग हर वर्ष सूखा अथवा अतिवृष्टि की समस्या से जूझता आ रहा है। विशेष रूप से जालौन जनपद में सिंचाई के लिए सिर्फ नलकूप, नहर जैसे परम्परागत जल स्रोतों का ही आसरा है जो लगभग सूखे तथा देर से पानी रिलीज करने का कारण किसानों की समस्या दूर नहीं कर पाते। मेरी लगातार मांग के कारण अब पचनदा बांध के स्थान पर पचनदा बैराज परियोजना की डी.पी.आर. बना ली गई है। अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि प्रदेश सरकार को आदेशित कर यह बांध बनवाने का कष्ट करें जिससे मेरे क्षेत्र को सूखे की समस्या से मुक्ति मिल सके।